नवभारत

MMRC को 'टनलिंग प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर' अवार्ड

'सेफ्टी इनिशिएटिव ऑफ द ईयर' से भी सम्मानित

मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. टनलिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस अवार्ड 2023 का आयोजन किया था. इस कार्यक्रम में मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) को 'टनलिंग प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर' और 'सेफ्टी इनिशिएटिव ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया. टनलिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएआई) इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन (आईटीए) की भारतीय शाखा है और इसकी स्थापना वर्ष 1991 में भारत सरकार के केंद्रीय सिंचाई और बिजली बोर्ड के तत्वावधान में किया गया था. बता दें कि आईटीए टनलिंग अवार्ड 2023 का यह नौवां वर्ष है.

टनलिंग प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त करना हमारे लिए सम्मान की बात है. सबसे कठिन और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से गुजरने वाली संरेखण ने मेट्रो-3 प्रोजेक्ट को एक इंजीनियरिंग मार्वल बना दिया है. भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात का प्रबंधन करना, स्थानीय लोगों का पुनर्वास करना, समुद्र तटों के पास सुरंगों का निर्माण करना जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था. हालांकि, आधुनिक तकनीक और इंजीनियरिंग कौशल की मदद से इन चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया. महाराष्ट्र सरकार और विभिन्न सरकारों का सहयोग से प्रोजेक्ट को वर्तमान चरण तक पहुंचने में मदद मिली है.

- अश्विनी भिड़े, प्रबंध निदेशक एमएमआरसी

इमारत और उसमे रहने वाले रहिवासियों के साथ-साथ निर्माण श्रमिकों की सुरक्षा और संरचनात्मक अखंडता सुनिश्चित करते हुए इस प्रोजेक्ट को निष्पादित करना हमेशा हमारी पहली प्राथमिकता रही है. सुरक्षा प्रशिक्षण अनिवार्य करने के साथ-साथ विस्तृत प्रक्रियाएं और नियम निर्धारित किए गए हैं. काम के दौरान सिस्टम के माध्यम से श्रमिकों की निगरानी भी सुनिश्चित की जाती है.

- सुबोध गुप्ता, निदेशक (परियोजना)